# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देश में उन्नीस अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव, चार जून को की जाएगी मतगणना
- निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पहली बार की विशेष व्यवस्था, पचासी वर्ष से अधिक उम्र वाले और चालीस फीसदी से ज्यादा दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी घर से वोट डालने की सुविधा
- प्रदेश में सभी सात चरणों में होंगे मतदान, पहले चरण में लोकसभा की आठ सीटों के लिए उन्नीस अप्रैल को पड़ेंगे वोट
- नवनीत कुमार सहगल बने प्रसार भारती के नये अध्यक्ष

**********

देश में सात चरणों में लोकसभा के चुनाव कराये जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर आगामी लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की । उन्होंने बताया कि पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है । लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अगले महीने की उन्नीस तारीख को लोकसभा की एक सौ दो सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को नवासी सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरा चरण सात मई को होगा, जिसमें चौरानबे सीटों पर मतदान होगा। चौथे चरण में तेरह मई को छानबे सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में बीस मई को उन्चास संसदीय सीटों पर मतदान होगा, जबकि छठे चरण में पच्चीस मई को सत्तावन सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को भी सत्तावन संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

***इसमें फेस वन का शेडयूल एक दिन में हमें दो बार करना पड़ रहा है। सिर्फ बिहार के लिये वहां एक फेस्टिवल है तो नोटिफिकेशन की डेट सेम है लेकिन लास्ट डेट विद्ड्राल हमें 20 माच्र की जगह 2 अप्रैल सिर्फ बिहार की फर्स्ट फेज के लिये करनी पड़ रही है और 19 अप्रैल को यहां वोटिंग होगी और पूरी कंट्री में 4 जून को काउंटिंग होगी।***

निर्वाचन आयोग ने कल आम चुनाव दो हजार चौबीस के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की।

**********

निर्वाचन आयोग ने पचासी वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की है । पूरे देश में एक साथ यह व्यवस्था लागू होगी । इस संबंध में कल नई दिल्ली में हुई प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विस्तार से जानकारी दी।

***85 प्लस जितने वोटर्स है उनके हम घर जाने वोटे लेने के लिये तैयार है। नामिनेशन से पहले उनके घर में हम फार्म 12डी पहुंचायेंगे। देश के कुछ हिस्सों में घर पे वोटिंग हो चुकी है एससेम्बली इलेक्शन में कुछ राज्यों में अभी नहीं हुई है। अब आप पूरे देश में पहली बार ये व्यवस्था एक साथ लागू होगी कि जो 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता है जो परसन डिसिवलैरी है 40 वर्ष और 40 फीसदी से ज्यादा की जिनको डिसिबलैटी है तो सबके पास हम फार्म पहुंचायेंगे। अगर वो ये आकर बाटेंगे कि वो बूथ पर नहीं आना चाहते घर पे करना चाहते है तो हम एक आदमी का वोट लेने घर में जायेंगे।***

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि देश में सत्तानबे करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढे दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां डेढ़ करोड़ चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में पहली बार वोट देने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। इस बार चुनाव में राजनीतिक पार्टियों को यह भी बताना होगा कि उन्होंने गम्भीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव में क्यों उतारा।

श्री राजीव कुमार ने कहा कि बाहुबल, धनबल, भ्रामक प्रचार और आदर्श आचार चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने बाधाकारी चुनौतियों से निपटने के सभी कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि बाहुबल पर निगरानी रखने के लिए मतदान के दिन ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यि निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनावों में खून–खराबा और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और यदि कहीं हिंसा हुई तो आयोग कडी कार्रवाई करेगा।

श्री कुमार ने बताया कि संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि शराब, नकदी, मादक पदार्थों और अन्य प्रकार की प्रलोभनकारी वस्तुओं को बांटे जाने पर नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि आयोग ने नकदी के हस्तांतरण पर भी कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव तंत्र को कचरा प्रबंधन और कागज के कम से कम उपयोग को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष सोलह जून को समाप्त हो रहा है।

**********

प्रदेश में सभी सात चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग की घोषणा के मुताबिक उत्तर प्रदेश में उन्नीस अप्रैल से लेकर एक जून तक विभिन्न चरणों में मतदान होगा।

पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में वोट डाले जायेंगे।

दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़ और मथुरा सहित कुल आठ सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। इस चरण में दस लोकसभा सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

चौथे चरण में तेरह मई को शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच सहित तेरह सीटों पर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

पांचवें चरण में मोहनलाल गंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा सहित कुल चौदह सीटों पर बीस मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

छठें चरण में कुल चौदह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में पच्चीस मई को मतदान होगा। इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे।

सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की तेरह सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, घोसी, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग होगी। सभी 80 सीटों की मतगणना चार जून को होगी।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा । निर्वाचन आयोग द्वारा कल लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के प्रति सक्रिय हो गया । प्रशासन की पहल पर राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स और बैनर हटाये जा रहे हैं । सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री हटाते हुए लोगों को आचार संहिता के पालन के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। प्रदेश के वाराणसी, बलरामपुर, कुशीनगर, श्रावस्ती वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली, बदायूं, कौशाम्बी, मेरठ सहित विभिन्न जिलों से हमारे प्रतिनिधियों ने जानकारी दी है कि पुलिस और प्रशासन की टीम कल से ही आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में जुट गयी हैं।

**********

नवनीत कुमार सहगल प्रसार भारती के नये अध्यक्ष बन गए हैं। श्री सहगल भारतीय प्रशासनिक सेवा के उत्तर प्रदेश संवर्ग के 1988 बैच के सेवानिवृत अधिकारी हैं। वे प्रसार भारती के पूर्व अध्यक्ष ए. सूर्यप्रकाश का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 2020 में समाप्त हो गया था।

**********

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिये छह और प्रत्याशियों के बारे में कल घोषणा की। इनमें गौतमबुद्ध नगर से डॉ महेन्द्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे, जालौन से नारायणदास अहिरवार और आजमगढ़ से धर्मेन्द्र यादव शामिल है। उधर, बहुजन समाज पार्टी ने पीलीभीत लोक सभा सीट पर पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। फूल बाबू जिले के बीसलपुर विधान सभा क्षेत्र से कई बार विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

**********